तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025

11 पुलिस ने रात को चलाया अभियान 155 चालान किए



12 विधायक ने नए भवन का किया उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### गौ रक्षा दल ने गौ मांस से भरा कैंटर पकड़वाया

**खरखौदा।** गौ रक्षा दल के सदस्यों ने गौ मांस से भरे कैंटर को पकड़वाया है। रोहणा निवासी कर्मजीत ने बताया कि वह गौ रक्षा दल का सदस्य है। उन्हें गुप्त रूप से सूचना मिली कि एक कैंटर में सांपला की तरफ गौ मांस भर कर लाया जा रहा है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बताए गए कैंटर नंबर का इंतजार किया। कुछ देर बाद कैंटर रोहणा गांव में पहुंचा तो उसने अपने साथियों के साथ कैंटर को रुकवा लिया। जब कैंटर की जांच की गई तो उसमें गौ मांस पाया गया। कैंटर में चालक रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल सामद कुरैशी मिला। उसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित करके मौके पर बुला लिया।

### जिम के बाहर खड़ी स्पलैंडर बाइक चोरी

**गन्नौर।** रेलवे स्टेशन के समीप धनखड़ काम्पलैक्स के बाहर 19 जून की शाम को स्पलैंडर मोटरसाईकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर के मोहित ने बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल को जिम के बाहर खड़ा किया था। काम निपटाने के बाद वापिस आया तो उसकी मोटरसाईकिल नही मिली, आसपास तलाश की तो पता नही चला। उसके बाद चोरी का मामला दर्ज करवाया।

### न्यात कालोनी निवासी व्यक्ति लापता

**गोहाना।** शहर में न्यात कालोनी में रहने वाला राजबीर लापता हो गया। वह सब्जी बेचता है। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। कवल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका भाई राजबीर पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी बेचता है। बुधवार दोपहर को वह घर से खाना खाकर मंडी में काम करने गया था। उसके बाद वापस नहीं लौटा।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसायटी का स्थापना दिवस आज

**सोनीपत।** पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसायटी द्वारा 21 जून यानि शनिवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए सोसायटी के अध्यक्ष सत्यपाल काजला ने बताया कि वसुंधरा गार्डन में शाम 5 बजे से कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

## बिजली कटों के चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बढ़ी परेशानी

# बार-बार बिजली के कटों से अस्पताल कर्मचारी परेशान





**सोनीपत।** रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लगी लाइन व रिपोर्ट लेने के लिए लगी लाइन।

### ओपीडी से लेकर लैब में दिए सैंपल की रिपोर्ट लेने में मरीजों को करना पड़ा इंतजार, तकनीकी खराबी से कई दिनों से परेशानी अस्पताल कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

#### एक्सरे विभाग में आई तकनीकी खराबी, दो घंटे बाद हुई शुरू

नागरिक अस्पताल में लगभग सुविधाएं ऑनलाइन तरीके से चलाई जाती है। रजिस्ट्रेशन काउंटर से शुरू होकर मरीजों के लिए लैब में टेस्ट सैंपल की रिपोर्ट व चिकित्सक के पास ऑनलाइन एक्स रे की रिपोर्ट भेजी जाती है। कई दिनों से सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी आ रही है। जिसके चलते एक्सरे विभाग में मरीजों के एक्सरे नहीं हो रहे है। वहीं मरीजों को लैब में दिए सैंपल की रिपोर्ट मिलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला नागरिक अस्पताल में कई दिनों से सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी व बिजली के कटों से अस्पताल में तैनात कर्मचारी व उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने के चक्कर में सुबह अस्पताल में पहुंचे मरीजों को लंबी लाइन व कटो के चलते सिस्टम बंद होने के कारण समस्या का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद होने के चलते मरीजों की लंबी लाइन लग गई। वहीं मरीजों को रिपोट से लेकर एक्सरे करवाने के लिए इंतजार करना पड़ा।

बता दें कि मौजूदा समय में नागरिक अस्पताल में दो हजार से ज्यादा का ओपीडी रजिस्ट्रेशन है। प्रबंधन की तरफ से महिला व बच्चों के लिए अलग से ओपीडी रजिस्ट्रेशन बनाया है। वहीं अन्य मरीजों के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर अलग से है। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन से लेकर लैब सैंपल, एक्सरे, रिपोट तक की सुविधा ऑनलाइन तरीके से स्थापित है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। बार-बार बिजली के कटों के चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर अन्य स्थानों पर ऑनलाइन सेवाओं में तकनीकी खराबी आ गई। लंबी लाइनों में खड़े मरीजों के साथ-साथ काउंटर पर बैठे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा।

#### कई दिनों आ रही तकनीकी खामियां

अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई है। ताकि मरीजों को सुविधा हो सके। कई दिनों से तकनीकी खामी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। शुक्रवार को बिजली के कट लग रहे थे, हालांकि प्रबंधन के पास जनरेटर की सुविधा उपलब्ध है। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयासरत है।

**-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।**

# न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये लागू करो, लेबर कोड रद्द करो : सीटू

- छोटूराम धर्मशाला में एकत्रित हुए कर्मचारी, रोष प्रदर्शन करते हुए पहुंचें लघुसचिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

मजदूर संगठन सीटू (सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस) हरियाणा के आह्वान पर न्यूनतम वेतन रिवाइज करके 26 हजार रुपए लागू करने की मांग को लेकर सीटू से संबंधित सभी यूनियनों के कार्यकर्ता छोटूराम धर्मशाला सोनीपत में इक्ट्ठा होकर सभा का आयोजन किया। छोटू राम धर्मशाला से रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय सोनीपत पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, प्रधान अनीता, सचिव राजेश टांकी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में और हरियाणा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए। उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर एसडीम सुभाष चंद्र को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संबोधित करते हुए सीटू नेताओं ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा सरकार ने पिछले दस साल से न्यूनतम वेतन को रिवाइज नहीं किया है, जबकि नियम के हिसाब से हर पांच साल में न्यूनतम वेतन को रिवाइज किया जाना चाहिए। न्यूनतम वेतन रिवाइज करने में हो रही देरी के खिलाफ मजदूरों में रोष व्याप्त है। इसलिए प्रदेश भर में मजदूर, कच्चे कर्मचारी, मनरेगा और भट्ठा मजदूर तथा स्कीम वर्कर्स आशा, आंगनबाड़ी, मीड डे मील, क्रैच वर्कर्स ने राज्य भर में प्रदर्शन कर सड़कों पर उतरकर सरकार को नींद से जगाने के लिए प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए।

उन्होंने कहा न्यूनतम वेतन रिवाइज न करके पिछले पांच साल से प्रदेश के लाखों मजदूरों की करोड़ों - अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि 2020 में न्यूनतम वेतन रिवाइज किया जाता और अब पुनः 2025 में यह रिवाइज किया जाए तो प्रदेश में 28- 30 हजार रुपए न्यूनतम वेतन बनता है। जबकि श्रमिक संगठनों की 26000 रुपए की मांग को भी सरकार नहीं मान रही। उन्होंने बताया कि राज्य में एक लाख के करीब स्कीम वर्कर्स हैं, सरकारी विभागों में लाखों की संख्या में आउटसोर्स, ठेका कर्मचारी काम कर रहे हैं, लाखों औधौगिक मजदूर हैं जिन्हें वेतन बेहद कम मिल रहा है। उन्होंने मांग कि की सरकार यह पॉलिसी बनाए जिसमें 26 हजार रूपये से कम वेतन किसी भी अस्थाई या कच्चे कर्मचारीयों, परियोजना वर्कर्स आशा, आंगनबाड़ी, मीड डे मील, क्रैच वर्कर्स का न हो।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनकारियो को सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, प्रधान अनीता, सचिव राजेश टॉकी, आशा यूनियन की प्रधान छवि, उपाध्यक्ष सविता मलिक, सहसचिव सुमन सैनी, शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों के सचिव नवीन चांवरिया, अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी, कर्मचारी नेता शीलकराम मालिक ने भी संबोधित किया।

## अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट की पुलिस टीम ने अवैध हथियार तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ऋतिक उर्फ गोला निवासी गांव सिलाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक कृष्ण की टीम ने गोहाना-खरखौदा रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि गांव आंवली मोड़ पर एक युवक अवैध हथियार सहित खड़ा है। टीम ने उसी दौरान दंबिश देते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध हथियार देशी पिस्तौल व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# खरखौदा की पांच कालोनियों में पेयजल संकट, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** पेयजल संकट के बारे में एसडीओ को बताती महिलाएं।

विधायक पवन खरखौदा की कालोनी सहित 5 कालोनियों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। कहीं की-मैन की वजह से पेयजल आपूर्ति ठप है तो कहीं पर पाइप दबाने के नाम पर सड़क खुदाई के दौरान पेयजल लाइन टूटने से समस्या आ रही है। जिससे मोहल्ले वासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रोहतक रोड़ कालोनी वासी शकुंतला, सरोज, अनीता, सुनीता, अंजू, बिमला सहित अनेक महिलाओं ने एसडीओ सुदेश कुमारी से समस्या बताई और कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे अपने बच्चों को लेकर उनके कार्यालय में पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि न तो पीने का पानी बचा है और ना ही नहाने व कपड़े धोने को। उनका जीना दूभर हो रहा है। पब्लिक हैल्थ कर्मचारी व अधिकारी फोन भी रिसीव नहीं कर रहे हैं। सैनी गढ़ी मोहल्ला में भी पेयजल की किल्लत है, समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

# हथियार के बल पर गाड़ी छीनी, बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

- गांव करेवड़ी के पास बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, शौच करने के लिए रूका था कार चालक
- कार के अंदर लाखों रुपये की राशि व तीन मोबाइल थे रखे, पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगालने में जुटी
- पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव करेवड़ी सड़क मार्ग पर हथियार के बल पर गाड़ी छीनने का मामला सामने है। कार मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर कार सवार बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। गाड़ी के अंदर लाखों रुपये की राशि व तीन मोबाइल फोन थे। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

खानपुर खुर्द बरोदा हाल में देवड़ु रोड गली नंबर-1 निवासी राकेश ने बताया कि वह गत 19 जून को अपने दैनिक कार्यो से फ्री होकर अपने जीजा यशपाल उर्फ पप्पू के साथ कोर्ट में मिला था। उसके बाद अपनी गाड़ी होंडा सिटी में सवार होकर बड़वासनी गांव से शराब ठेका से एक हाफ व दो क्वाटर लेकर शराब पीने लगे। रात होने पर यशपाल को उल्टी आ गई। वह उसे छोड़ने के लिए गांव चला गया। गांव करवेड़ी मोड़ पर पहुंचने के बाद यशपाल को वहीं उतार दिया। वहीं खुद गाड़ी लेकर चला गया। राकेश ने बताया कि वह अपनी गाड़ी को करेवड़ी मोड़ पर खड़ी करके शौच करने लगा। शौच करके वापस गाड़ी में बैठने लगा। उसी दौरान उसके पास एक गाड़ी आकर रूकी। चालक साइड की खिड़की खोलकर उसके सिर पर पिस्तौल तान दी। वह घबरा गया। हथियारबंद युवकों ने कहा कि वह सीआईए से है। उसके बाद उसे गाड़ी से नीचे उतार दिया। उसे एक युवक ने पांच-छह थप्पड़ मारे। उसके बाद उसकी होण्डा सिटी कार लेकर फरार हो गए। गाड़ी के अंदर दो लाख साठ हजार रुपये की राशि व सीट कवर में 26000 हजार रुपये की राशि सहित गाड़ी में तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द कार सवार बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।



# पेयजल लाइन की खुदाई से बना गड्ढा अब हादसे का कारण, बाइक सवार तीन युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी रोड पर सोमवार को टूटी पेयजल सप्लाई लाइन की मरम्मत के लिए की गई खुदाई अब दुर्घटना का कारण बन गई। खेड़ी मोड़ पर मरम्मत कार्य से बना गड्ढा खुला पड़ा था, जिसमें मंगलवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। ज्ञात हो कि सोमवार को खेड़ी रोड क्षेत्र में मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन टूटने के कारण पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। जल विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर मरम्मत कार्य किया गया था। दोपहर बाद सप्लाई लाइन को अस्थाई रूप से जोड़ा तो गया, लेकिन खुदाई के बाद सड़क पर बने गड्ढों को ठीक नहीं किया गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विभाग ने मरम्मत के बाद सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं किए, जिससे यह हादसा हुआ। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरकर रास्ता सुचारू किया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो।

## तीन किलोग्राम गांजा के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने जींद रोड से आर्य नगर के राजकुमार को तीन किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध केस दर्ज किया गया। सहायक उप निरीक्षक अनम कुमार पुलिस टीम के साथ जींद रोड पर गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि आर्य नगर का राज कुमार स्कूटी पर गांव बुटाना से गोहाना की तरफ आ रहा है और उसके पास काफी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा है। वह अपनी कालोनी में नशीला पदार्थ बेचता है। पुलिस ने ओम पब्लिक स्कूल के निकट नाकाबंदी लगाकर वाहनों की जांच की। कुछ देर बाद वह नाके के निकट आया तो पुलिस को देखकर वापस भागने लगा।

## सुबह 5 बजकर 24 मिनट से 7 बजकर 18 मिनट तक रहेगा भद्रा प्रभाव

# योगिनी एकादशी आज : रखें व्रत, मिलेगा पापों से मुक्ति

- योगिनी एकादशी व्रत करने से प्राप्त होता है 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना गया है। हर माह आने वाली दोनों एकादशी तिथियों में से आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी, जिसे योगिनी एकादशी कहा जाता है, तीनों लोकों में सबसे पुण्यदायी मानी गई है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दिन व्रत-पूजन करने से सभी पापों से मुक्ति और जीवन में



आचार्य मनमोहन मिश्रा।

सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस बार योगिनी एकादशी व्रत 21 जून 2025, शनिवार को रखा जाएगा।

आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार, एकादशी तिथि की शुरुआत 21 जून को सुबह 7:18 बजे से हो रही है, जो 22 जून को सुबह 4:27 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, व्रत शनिवार 21 जून को रखा जाएगा। सनातन धर्म के अनुसार भद्राकाल में पूजा-पाठ निषेध होता है। इस दिन भद्रा का प्रभाव सुबह 5:24 से 7:18 बजे तक रहेगा। अतः पूजा का आरंभ भद्रा काल के बाद किया जाना उचित होगा। आचार्य मिश्रा के अनुसार, योगिनी एकादशी व्रत करने से 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। यह व्रत विशेष रूप से पापों से मुक्ति, दरिद्रता नाश और समस्त जीवन बाधाओं के निवारण के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इस एकादशी पर व्रत रखकर भगवान विष्णु का पूजन करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

#### पूजा एवं जप का शुभ मुहूर्त

| | |
|---|---|
| पूजा मुहूर्त | सुबह 7:21 बजे से 7:41 बजे तक |
| ब्रह्म मुहूर्त | सुबह 4:04 बजे से 4:44 बजे तक |
| विजय मुहूर्त | दोपहर 2:43 बजे से 3:39 बजे तक |
| गोधूलि मुहूर्त | शाम 7:21 बजे से 7:41 बजे तक |
| निशीथ काल | रात 12:00 बजे से 12:43 बजे तक |

#### व्रत पारण का समय

22 जून 2025 (रविवार) को व्रत पारण किया जाएगा।
पारण मुहूर्त : दोपहर 1:47 बजे से शाम 4:35 बजे तक

#### मंत्र जाप करें

**विष्णु गायत्री मंत्र**
ॐ श्री विष्णवे च विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात॥

**विष्णु मंगल मंत्र**
मङ्गलम् भगवान विष्णुः, मङ्गलम् गरुणध्वजः। मङ्गलम् पुण्डरी काक्षः, मङ्गलाय तनो हरिः॥

#### पूजन विधि

इस दिन श्रद्धालु प्रातः स्नान कर व्रत का संकल्प लें और भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करें। फल, फूल, पंचामृत, तुलसी दल और पीले वस्त्रों से पूजा करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भी शुभ माना जाता है।





पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।



धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो, पृथ्वी पर दिन महज छह घंटे के लिए होगा।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन

आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।



## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नज़र आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं

अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।

### सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर :** एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ :** सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास :** निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत :** सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



### कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

**सीईओ :** एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।

**पर्सनल ऑफिसर :** बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज़ को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।

**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर :** बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर :** जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी :** उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हजार प्रति माह हो सकता है।

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें :** छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें :** राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

## शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें :** आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें :** नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक ।
(बी) राजराजा ।
(सी) राजेन्द्र ।
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज ।
(बी) राजेन्द्र ।
(सी) कुलोत्तुंग चोल ।

**उत्तर** 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### गोशाला में बने गोमाता मंदिर में सेंध लगाई

**गोहाना।** शहर में पानीपत रोड स्थित गोशाला के साथ बनाए गए गोमाता मंदिर में चोरों ने सेंध लगा दी। मंदिर में रखे दानपात्र को चोरी कर लिया, जिसमें नकदी थी। गोशाला को राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता है। यहां पर बेसहारा जख्मी गोवंशियों और अन्य जीवों को लाकर उपचार किया जाता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर दास ने बताया कि गोशाला के बाहर रोड के साथ में गोमाता का मंदिर बनाया गया है। यहां पर रखे दानपात्र में गोभक्त दान के लिए नकदी डालते हैं। चोरों ने दानपात्र को ही चोरी कर लिया।

### योग चेतना की यात्राः स्वामी ओशो

**सोनीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्वामी शैलेंद्र ओशो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। लाखों लोग आसन कर रहे हैं, प्राणायाम कर रहे हैं, लेकिन क्या हम सच में समझ पाए हैं कि योग वास्तव में है क्या? योग का मतलब केवल आसन नहीं है आज योग को अक्सर केवल शरीर तक सीमित कर दिया गया है। असली योग तो ध्यान और समाधि की ओर यात्रा है। उन्होंने बताया कि योग दिवस के मौके पर रजनीश ध्यान मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें योग, सामूहिक ध्यान, आंतरिक शांति और जीवन में संतुलन स्थापित करने के विविध प्रयोगों का अनुभव कराया जाएगा।

### गांव बैयांपुर में चल रही तपस्या का समापन 23 को

**सोनीपत।** दादा मोहनदास धाम के महंत योगी तपस्वी बाबा विजयनाथ महाराज की पंचधुनी तपस्या चल रही है। बैयांपुर गांव में चल रही तपस्या का समापन 23 जून को होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए भोले बाबा आश्रम प्रमुख सुनील बैरागी ने बताया कि 22 जून को रात्रि सत्संग कीर्तन किया जाएगा। 23 जून को सुबह 8 बजे हवन यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन कर तपस्या समाप्त की जाएगी। इस दौरान शुक्रवार को भी महिला संकीर्तन जारी रहा।

### प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों को दिए प्रमाण पत्र

**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंदराई में आयोजित 5 दिन का बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। शिविर के समापन पत्र प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर के समापन सत्र की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राजकुमार पंघाल ने की। नेतृत्व प्राचार्य लवल किशोर का रहा। बीईओ ने बैच-3 और बैच-4 के सभी शिक्षकों से अपील की कि वे इन सभी निपुण दक्षताओं को अपनी कक्षाओं में शामिल करें ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

### रंजिशन मारपीट करके घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पलड़ा निवासी मोहित ने बताया कि वह दहाड़ी-मजदूरी का काम करता है। गत 18 जून को वह गांव पलड़ा से दोस्त सावन के साथ बाइक पर सवार होकर गांव बसौदी में हुक्का पीने के चला पड़ा। गांव में पहुंचने पर उसे चिराग व सागर दोस्त रोहित, बंटी, पिंकू, आशीष उर्फ भोला सहित तीन अन्य बिट्टो हाथ में लिए हुए थे।

### सफाई कर्मचारियों के लिए हेल्थ कैंप लगाया

**रोहतक।** नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर शुक्रवार को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर और सामान्य अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। जिसमें कर्मचारियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर का निरीक्षण महापौर रामअवतार वाल्मीकि की उपस्थिति में किया गया।

### नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से जांच की

# पुलिस ने रात को चलाया अभियान 155 के चालान, 18 वाहन इम्पाउंड

### सोनीपत पुलिस ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए गंभीर

ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए चलाया विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





**सोनीपत।** अभियान के तहत रात के समय वाहनों की चैकिंग करते हुए पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए बीती रात सोनीपत पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिलेभर में नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई। अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने विभिन्न प्रमुख स्थलों, चौराहों और हाइवे पर बैरिकेड्स लगाकर वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा और नंबर प्लेट की जांच की गई। साथ ही, संदिग्ध वस्तुओं और अवैध गतिविधियों पर भी नजर रखी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 155 वाहनों के चालान किए, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 वाहनों को इंपाउंड किया गया। इनमें 11 मोटरसाइकिल, 6 कारें और 1 स्कूटी शामिल है। बता दें कि सोनीपत पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की पालना के लिये दिन में भी अभियान छेड़ रखा है। जिसके तहत 9 जून से 15 जून तक नियमों का उल्लंघन करने वाले 549 वाहन चालकों के चालान कर 12,57,000 का जुर्माना किया गया है। सिर्फ एक सप्ताह में इतनी भारी संख्या में वाहनों के चालान करने से स्पष्ट है कि सोनीपत पुलिस ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिये गंभीर हो चुकी है। पिछले सप्ताह भी काटे गए थे चालान : पिछले सप्ताह भी ट्रैफिक नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान में लेन ड्राइविंग नियमों, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म, बुलेट पटाखा, रेड/ब्लू लाइट और ड्रंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर उल्लंघनों पर विशेष फोकस किया गया। उस दौरान लेन ड्राइविंग उल्लंघन के 133 वाहन चालकों के चालान करते हुए 66,500 जुर्माना, बिना हेलमेट के 132 चालान करते हुए 1,32,000 जुर्माना, ट्रिपल राइडिंग के 55 चालान करते हुए 55,000 जुर्माना, रेड/ब्लू लाइट का गलत प्रयोग करने पर 18 चालान करते हुए 9,000 जुर्माना किया गया था। वहीं ब्लैक फिल्म लगे वाहन के 60 चालान करते हुए 6,00,000 जुर्माना, बुलेट पटाखा के 8 चालान करते हुए 80,000 जुर्माना, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन के 89 चालान करते हुए 44,500 जुर्माना व ड्रंक एंड ड्राइव के 54 चालान करते हुए 2,70,000 जुर्माना किया गया था।

#### ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करें

ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि बुलेट बाइक से पटाखे बजाने, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म लगाने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। ऐसे अभियानों से न सिर्फ शहर की यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि अपराधों पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। *परबीना पी., पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक)*

**रात को ऐसे किए चालान:** ट्रिपल राइडिंग : 22 चालान, अवैध लाल-नीली बत्ती : 3 चालान, ब्लैक फिल्म/विपरीत दिशा में वाहन चलाना : 31 चालान, बिना नंबर प्लेट वाहन : 44 चालान, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट/लाइसेंस/आरसी : 30 चालान, शराब पीकर वाहन चलाना : 7 चालान किए।




**गोहाना।** विजेता खिलाड़ी हर्ष मलिक और रवि मलिक अपने कोच के साथ।

# हर्ष व रवि मलिक की जोड़ी ने जीती टेनिस चैंपियनशिप

- राष्ट्रीय चैंपियनशिप में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अकादमी के खिलाड़ियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में गांव मदीना स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल अकादमी के होनहार खिलाड़ी हर्ष मलिक और रवि मलिक की जोड़ी ने अंडर-18 आयु वर्ग के डबल वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करके ट्राफी कब्जा ली। एकल वर्ग में खिलाड़ी हर्ष मलिक उप विजेता रहे। शनिवार को दोनों खिलाडियों को अकादमी में सम्मानित किया गया। 16 से 20 जून तक लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में लडक़ों के मुकाबले गोहाना स्थित भगत हंसराज खेल अकादमी में लड़कियों के मुकाबले गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल अकादमी में आयोजित हुए। लडक़ों के फाइल मुकाबले में हर्ष मलिक और रवि मलिक की जोड़ी ने डबल वर्ग में राजस्थान से विराट और इंदौर से दिशु को पराजित करके टाइटल जीत लिया। लडक़ों के मुकाबले में रियान मेहता ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल अकादमी के संचालक पहलवान अजमेर मलिक, टेनिस कोच सोमबीर मलिक, रामकुवार कथूरा, डॉ. विक्रम और कुश्ती कोच दीपिका ने अपना आशीर्वाद दिया।

# एलटीसी की उठाई मांग, मुख्य कार्यालय बात करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



मीटिंग के दौरान उपस्थित यूनियन पदाधिकारी साथ में कार्यकारी अभियंता।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत की शाखा हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की ब्रांच कार्यकारिणी की मीटिंग कार्यकारी अभियंता मण्डल गोहाना रोड पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन व ब्रांच प्रधान आनंद हुड्डा ने की। मीटिंग में फील्ड कार्यरत कर्मचारियों के बकाया एलटीसी 2020 से 2023 के बारे बातचीत हुई। कार्यकारी अभियंता द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द एलटीसी के बारे में मुख्य कार्यालय से बात की जाएगी, कर्मचारियों के जूते डांगरी के आर्डर करवाए गए और बकाया साबुन के बारे में कार्यकारी अभियंता ने सभी एसडीओ को निर्देश दिए। सभी कर्मचारियों को बताया साबुन पूरा किया जाए। मीटिंग में सभी जलघरों की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द करवाया जाएगा व सभी जलघरों पर पंखा कुर्सी व अन्य सामान दिया जाने की भी मांगें मानी गई। मीटिंग में मुख्य रूप से ब्रांच के सचिव जयवीर कुमार, ब्रांच उप प्रधान मंजीत लाठ, ब्रांच सचिव नवीन, मुकेश, अरुण, अंकित, कृष्ण, नफीस, मनोरम आदि उपस्थित रहे।

# आईटीआई : अब 27 तक कर सकेंगे आवेदन

- कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने बढ़ाई तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिला के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय (आरडीएसडीई) ने दाखिलों के लिए चल रही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की अवधि को बढ़ा दिया है। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी अब 27 जून तक पोर्टल पर अपना ऑनलाइन कर सकेंगे। पहले आरडीएसडीई ने प्रथम चरण में आवेदन प्रक्रिया के लिए 6 से 20 जून तक तिथि निर्धारित की थी। आरडीएसडीई ने आवेदन अवधि बढ़ाने के साथ आरटीआई में दाखिला लेने के लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया। शनिवार से दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। यह निर्णय अधिकतर आईटीआई में कम आवेदन आने के चलते लिया गया। जिला के 13 प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2025-26 सत्र के लिए 5904 सीटें निर्धारित की गई हैं। पिछले साल के अपेक्षा इस बार सोनीपत आईटीआई में 64 व पुरखास आईटीआई में 30 सीटों की बढ़ोतरी की गई है। सोनीपत आईटीआई में 48 ट्रेड में दाखिले के लिए 1044 सीट व दूसरे वर्ष के प्रवेश के लिए 516 सीटों सहित कुल 1560 सीटें तय की गई हैं। अब तक इन सीटों पर 1866 विद्यार्थी अपना आवेदन कर चुके हैं। आईटीआई में दाखिला लेने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।



#### आवेदन की समय सीमा बढ़ी

आईटीआई में दाखिला लेने के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ा दी है। अब तक सोनीपत आईटीआई की 48 ट्रेड के लिए कुल 1560 सीटों पर 1866 विद्यार्थियों ने अपना ऑनलाइन आवेदन करवाया है। *संजय श्योराण, अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी, आइटीआइ, सोनीपत।*

#### आईटीआई में दाखिला शेड्यूल

पहली मेरिट लिस्ट : 3 जुलाई आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन : 7 जुलाई तक, दाखिला फीस जमा : 8 जुलाई तक,शेष सीटों की सूची तैयार : 9 जुलाई,सीट विवरण के लिए पोर्टल ओपन : 9 व 10 जुलाई दूसरी मेरिट लिस्ट : 11 जुलाई दस्तावेजों का सत्यापन : 14 जुलाई तक,दाखिला फीस जमा : 15 जुलाई तक,शेष सीटों की सूची तैयार : 16 जुलाई,सीट विवरण के लिए पोर्टल ओपन : 16 से 19 जुलाई,तीसरी मेरिट लिस्ट : 22 जुलाई,आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन : 26 जुलाई तक,दाखिला फीस जमा : 27 जुलाई तक जमा करवानी होगी।



एफएलएन प्रशिक्षण शिविर के समापन के दौरान प्रतिभागी एवं अधिकारीगण।

#### प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

**सोनीपत।** राजकीय वमावि गढ़ी ब्राह्मण के अंतर्गत चल रहे द्वितीय चरण के अंतर जिला प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कैंप के अंतिम दिन विषय अंग्रेजी के बारे में मुख्य प्रशिक्षक के द्वारा जानकारी दी । दोपहर बाद समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान, डायट से अनिल मलिक, कार्यक्रम नोडल अधिकारी अतुल कुमार, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज वर्मा ने शिरकत दी। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय कैंप का शिक्षकों ने फीडबैक भी दिया। 116 प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आज पूरा हुआ। जिसमें मोनिका दहिया, सुनीता रोहिल्ला, संगीता, मंजू, अंजू, संजीव, ममता, मनोज कुंडू, स्नेह लता ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भूमिका निभाई। सुनील सरोहा और हरेंद्र ने संपूर्ण कैंप की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। समापन समारोह में शिक्षकों द्वारा केआरपी को भेंट स्वरूप समृद्धि चिन्ह के रूप में पेन भेंट किए गए। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों में वर्षा, रेखा, सतीश, संदीप दहिया और अंजु को स्टार टीचर के सम्मान से नवाजा गया।

# नवनिर्वाचित सरपंच का किया स्वागत

- पूर्व प्रत्याशी बोले, विकास कार्यों के लिए ग्रांट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



नवनिर्वाचित सरपंच राजबीर मलिक का स्वागत करते प्रदीप सांगवान व अन्य।

शुक्रवार को बरोदा विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने छिछड़ाना गांव के नवनिर्वाचित सरपंच राजबीर मलिक का अपने गोहाना स्तिथ कार्यालय पर पहुंचने पर स्वागत किया। राजबीर मलिक ग्राम पंचायत छिछड़ाना में सरपंच पद के उप चुनाव में सरपंच चुने गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप सांगवान ने सरपंच राजबीर मलिक को आश्वासन दिलाया कि विकास कार्यों के लिए ग्रांटों की कोई कमी नहीं रहने दूंगा। इसके बाद सांगवान ने हलका बरोदा के गणमान्य व्यक्तियों की समस्याएं सुनी। भैंसवान निवासी टेकराम, हरिचंद और संदीप मलिक ने बताया कि अवैध कब्जे हटवाकर उनके गांव की फिरनी को पक्का किया जाए। गांव जागसी निवासी संदीप शूरा और सत्यवान शर्मा ने बताया कि उनकी जमीन सडक़ निर्माणकार्य में अधिग्रहण हुई थी। इसके लिए उनको उचित मुआवजा नहीं दिया। डॉ. राममेहर राठी, कथूरा मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, सरपंच रामनिवास सांगवान, मुकेश शर्मा, कंवल मलिक, रामबीर पूनिया, रीनू मलिक व सोनू मलिक आदि उपस्थित रहे।



**गोहाना।** विद्यार्थियों को योग का अभ्यास करवाते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

#### योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया

**गोहाना।** जेएलएन वमावि गोहाना में आयोजित योग शिविर में गुरु और शिष्यों के साथ जनसामान्य ने भी योग क्रियाओं का अभ्यास किया। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा ने की। विद्यालय में 3 जून से योग शिविर शुरू हुआ था। शुक्रवार को विद्यालय में शिविर का 18वां दिन था। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने वज्रासन योग क्रिया के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि वज्रासन करने से पाचन क्रिया में सुधार होता है। रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है और यह योग क्रिया तनाव को कम करती है। यह योगासन मानसिक स्पष्टता के साथ एकाग्रता को भी बढ़ाता है। प्राचार्य ने शिविर में पद्मासन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम और कटिचक्रासन योग क्रियाओं का भी अभ्यास करवाया। कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। शिविर में उप प्राचार्य सूरत शर्मा और डीपी सोनू शर्मा सहित अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योग किया।

### सरपंच काम लेकर आए प्राथमिकता से होंगे : गहलावत

# विधायक ने नए भवन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत हाल के भवन का उद्घाटन करते हुए साथ में बीडीपीओ (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य व नेतागण। फोटो :हरिभूमि

विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को 19 लाख की लागत से बने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बने नए हाल का उद्घाटन किया। विधायक का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीपीओ (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य व विभिन्न गांवों के सरपंचों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यालय में नए हाल के बनने से कार्यालय के स्टाफ के अलावा हलके के लोगों को सुविधा मिलेगी। एक ही छत के नीचे बैठक मीटिंग भी कर सकेंगे। इसके बाद सरपंचों की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हलके के जिस सरपंच ने उन्हें चुनाव में वोट नही दिया तो कोई बात नही। अपने वोट का किसी भी उम्मीदवार को देने का सबका अपना अधिकार है। लेकिन सभी सरपंचों से मेरी अपील है कि वे ये सोचकर न आए कि चुनाव में वोट नही दिया। गांव के विकास को आगे बढ़ाए और गांव की समस्याओं के समाधान के लिए सरपंच उनके पास आए और अवगत करवाएं। इसके अलावा सरपंचों को जहां भी उनकी जरूरत है, उन्हें अवगत करवाएं, बिना किसी भेदभाव के समानता से उनकी बात सुनकर समाधान करवाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, मंडलअध्यक्ष शेखर आंतिल, युवा नेता एवं सरपंच योगेश जठेड़ी, मास्टर सतनारायण आंतिल, मंडलध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, सरपंच जयराम शर्मा, बिल्लू, मुकेश ओरगांबाद, राजेश सरपंच बहालगढ़, बिटू सरपंच, संजय सरपंच, अनिल सरपंच नांगल कला, संजय सरपंच बारोटा, धर्मबीर सरपंच के अलावा बीडीपीओ राई कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऑब्जर्वर को रवानगी पर भेंट की बाबा साहेब की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सांसद प्रो . वर्षा को सम्मानित करते हुए आशा अहलावत एवं अन्य।

कांग्रेस भवन, सोनीपत में "संगठन सृजन अभियान" के तहत आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं सांसद प्रो. वर्षा के आगमन पर कांग्रेस की प्रदेश महासचिव आशा अहलावत द्वारा स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क को बढ़ाने और जनहित के मुद्दों पर पार्टी की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने पर जोर दिया। सांसद वर्षा ने अपना कार्य पूरा कर शाम को यहां से रवानगी की है। इस मौके पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव एडवोकेट आशा अहलावत ने भेंट स्वरूप बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा व हमारे तिरंगे से रंगी चुनरी भेंट की। इस मौके पर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता व समता सैनिक दल के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत चौहान भी अपने साथियों के साथ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### खेल-खेल में शिष्यों का मार्गदर्शन करें गुरुजी

**गोहाना।** कथूरा खंड में पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। शिविर में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति को लेकर विभिन्न विषयों से संबंधित जरूरी जानकारी दी गई। समापन सत्र की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जितेंद्र गौड़ ने की। बीईओ ने अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों को खेल-खेल में छात्रों को सिखाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर संदीप ने बताया शिविर में खंड कथूरा एवं दूसरे जिलों के विभिन्न विद्यालयों के 48 प्राथमिक अध्यापकों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। अध्यापकों को मास्टर ट्रेनर संगीता, अनिल व सपना ने प्रशिक्षित किया।

### प्लॉट से किसान का कृषि यंत्र चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में प्लॉट से किसान का कृषि यंत्र चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस यंत्र चोर की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव रसूलपुर निवासी मनोज ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। करीब दस दिन पहले उसने कृषि यंत्र सुहागा पप्पू नाम के युवक से 14 हजार रुपये में खरीदा था। उससे वह रोज काम करता। उसके बाद उसे प्लॉट में खड़ा कर देता। गत 12 जून को काम खत्म करके सुहागे को प्लॉट में खड़ा कर दिया। अगले दिन जाकर देखा तो सुहागा गायब मिला। अपने स्तर पर सुहागे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एसआई सुमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नई शिक्षण पद्धतियां सीखेंगे गुरुजी

- निपुण हरियाणा मिशन : अब तक 1845 प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित, 2300 से अधिक का लक्ष्य
- सबसे अधिक गन्नौर खंड में 9 समूहों में 377 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया

## निपुण हरियाणा मिशन : 23 से 27 जून तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक ज्ञान को मजबूत बनाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा संचालित निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। अब तक सोनीपत जिले में 1 हजार 845 प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। इनमें 1 हजार 223 अध्यापक जिले के जबकि 622 अन्य जिलों से संबंधित हैं, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अपने गृह जिले में यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण जिले के सातों खंडों में 45 समूहों के माध्यम से पूरा किया गया है। इसमें सबसे अधिक गन्नौर खंड में 9 समूहों में 377 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है, जबकि गोहाना में अब तक 5 समूहों में 208 अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और सोमवार से दो नए समूह प्रारंभ होने जा रहे हैं।

वर्मा ने बताया कि अंतिम प्रशिक्षण शिविर 23 जून से 27 जून तक सोनीपत और गोहाना खंड में आयोजित किए जाएंगे, जिससे कुल प्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या 2 हजार 300 से अधिक पहुंचने की संभावना है।



**सोनीपत।** मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### निरीक्षणदल बनाए

प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु डाइट व जिला स्तर पर निरीक्षणदल गठित किए गए हैं, जो प्रतिदिन विभिन्न खंडों में प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण रिपोर्ट निदेशालय तक भेज रहे हैं। इसके अलावा एससीईआरटी गुरुग्राम की ओर से भी निरीक्षण टीमों की तैनाती की गई है, जो समय-समय पर प्रशिक्षण स्थलों का मूल्यांकन कर रही हैं।

**-रचना बना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### किस ब्लॉक में कितने शिक्षक प्रशिक्षित

कथूरा : 2 समूहों में 83 अध्यापक
खरखौदा : 5 समूहों में 203 अध्यापक
मुंडलाना : 4 समूहों में 164 अध्यापक
राई : 8 समूहों में 319 अध्यापक (19 जून से 3 नए समूह शुरू)
सोनीपत मुख्यालय : 2 स्थानों पर प्रशिक्षण जारी

### 251 ले चुके प्रशिक्षण

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन में 6 समूहों के माध्यम से 251 अध्यापक प्रशिक्षण ले चुके हैं। वहीं गढ़ी ब्राह्मणा के विद्यालय में अन्य जिलों के 240 अध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, पायलट रिहर्सल संपन्न

# जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ढांडा करेंगे शिरकत

- नगराधीश डॉ. अनमोल ने लिया प्रबंधों का जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

योग युक्त नशा मुक्त संकल्प के साथ शुक्रवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को खिजर मकबरा परिसर में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों सहित योग साधकों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर नगराधीश डॉ. अनमोल ने रिहर्सल का अवलोकन किया और प्रबंधों का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार 21 जून को सुबह 6 बजे खिजर मकबरा परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए जिलावासियों के साथ योग क्रियाएं करेंगे और उन्हें अपना शुभ संदेश देंगे।

इस दौरान नगराधीश ने सभी तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभी तक जो व्यवस्था शेष रह गई हैं उनको समय से पूरा करें।



**सोनीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल के दौरान योग करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. रजनीश, जिला खेल (शिक्षा) अधिकारी रामबीर, मनीष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, धार्मिक व सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिधि व स्कूली बच्चे व आमजन मौजूद रहे।

### योगिक क्रियाएं करवाई

योग प्रोटोकॉल के दौरान आयुष विभाग के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह की देखरेख में योग सहायकों द्वारा योग साधकों को विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाई गई। जिनमें ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन,वज्रासन, अद्र्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायम, भ्रामरी प्राणायम तथा ध्यान लगवाना इत्यादि शामिल है।

### आठों खंडों में होंगे कार्यक्रम

हरियाणा सरकार की ओर से जिला मुख्यालय के अलावा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोनीपत के सभी आठ खंडों में भी खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर भी प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे किए गए हैं। आज सभी खंडो पर भी पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। योग दिवस पर खरखौदा ब्लॉक पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा, गन्नौक ब्लॉक में विधायक देवेन्द्र कादियान, राई ब्लॉक में विधायक कृष्णा गहलावत, गोहाना ब्लॉक में विधायक निखिल मदान, मुरथल ब्लॉक में सोनीपत मेयर राजीव जैन, कथूरा ब्लॉक में जिला परिषद के चेयरपर्सन मोनिका दहिया तथा मुण्डलाना ब्लॉक में एसडीएम खरखौदा मुख्यातिथि होंगे।

# जेएलएन नहर में बहे पिता का शव बरामद, पुत्र का सुराग नहीं

- तलाश में चार टीमें लगी, नहर का पानी तीन फीट तक कम करवाया
- गांव सरगथल में गुरुवार को जेएलएन नहर में बह गए थे पिता पुत्र

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

गांव सरगथल में गुरुवार को जेएलएन नहर में पानी के तेज बहाव के साथ बहे पिता-पुत्र का 32 घंटे बीतने के बाद पिता का शव बरामद लेकिन पुत्र का काई सुराग नहीं लग पाया। दोनों की तलाश के लिए चार टीमें लगी हैं। इनमें दो एनडीआरएफ, एक गोताखोरों की टीम है और एक टीम स्टीमर के साथ लगी है। चारों टीमों ने नहर में लगभग 8-10 किलोमीटर तक पिता-पुत्र की तलाश की। टीमों के अलावा ग्रामीण भी नहर में रस्से के सहारे उतरकर उनकी तलाश के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन ने नहर में तीन फीट तक पानी कम करवा दिया है, जिसके बावजूद प्रयास सिरे नहीं चढ़ पाए।

गांव सरगथल के सतबीर सिंह और उनका 14 साल का बेटा जतिन गुरुवार सुबह गांव के पास से गुजर रही जेएलएन और भालौठ सब्र ब्रांच नहर के बीच पटरी पर लगे नलकूप से पाने का पानी लेने गए थे। दोनों बाइक पर पानी ढोने के दो चक्कर लगा चुके थे। सुबह 10:30 बजे दोनों फिर नलकूप से पानी लेने आए और नहर में नहाने लगे। सतबीर सिंह जेएलएन नहर की सीढ़ियों पर बैठकर नहा रहे थे तो उनका बेटा भी उनके पास आया। जतिन पैर फिसल कर नहर में गिर गया था और पानी के तेज बहाव में बह गया। सतबीर भी बेटे को बचाने के लिए नहर में कूद गया था। दोनों पिता-पुत्र नहर में बह गए थे। नहर पर नहाने आए दूसरे युवकों ने दोनों को बचाने की कोशिश की थी लेकिन कामयाब नहीं रहे। घटना के बाद से ही प्रशासन और पुलिस द्वारा पिता-पुत्र की तलाश शुरू कर दी गई थी। शुक्रवार शाम सात बजे तक दोनों का सुराग नहीं लग पाया। ग्रामीणों भी नहर में उतरकर और पटरी पर गश्त लगाकर पिता-पुत्र की तलाश कर रहे हैं। प्रशासन ने सिंचाई विभाग से नहर में तीन फीट तक पानी कम करवा दिया है, जिसके बावजूद दोनों का सुराग नहीं लगा।



- पानी की निकासी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी

**गोहाना।** गली निर्माण का शुभारंभ करतीं नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### वार्ड 17 में 15 लाख रुपये से होगा गली का निर्माण नप चेयरपर्सन ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड 17 के शास्त्री नगर क्षेत्र में गली का निर्माण करवाया जाएगा। गली निर्माण पर 15 लाख रुपये खर्च होंगे। शुक्रवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोड़कर निर्माणकार्य शुरू करवाया। चेयरपर्सन रजनी विरमानी के अनुसार शास्त्री नगर के लोग गली निर्माण की मांग कर रहे थे। नप ने इस बारे संज्ञान लेते हुए गली निर्माण का कार्य शुरू करवाया। क्षेत्र में बरसात के पानी की निकासी संबंधी कोई दिक्कत न हो इसका भी गली निर्माण के समय विशेष ध्यान रखा जाएगा। गली निर्माण के साथ बरसात के पानी की निकासी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड के पार्षद निपुण सहरावत ने की। इस अवसर पर केवल मोर, बिजेंद्र रीडर, कैप्टन आजाद मलिक, कुलदीप मलिक, करण जेई, कौशल्या नरवाल और ठेकेदार जयवीर सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों को मिली नैतिक शिक्षा की प्रेरणा

- पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया
- सोनीपत के मेयर राजीव जैन मौजूद रहे



**गन्नौर।** मुख्यातिथि मेयर राजीव जैन, मुख्य वक्ता जिला संघ संचालक डा. मनोज राय कार्यक्रम के दौरान।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

भारत विकास परिषद द्वारा लहरी सिंह पार्क में आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन बच्चों को योग और नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जबकि 72 योग साधक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटे रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनीपत के मेयर राजीव जैन रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघ संचालक डा. मनोज राय ने बच्चों से नैतिक शिक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल, सचिव विकास भगवती, कोषाध्यक्ष निशा कौशिक, महिला संयोजिका भावना जग्या, उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मनीषा जैन, अंकित त्यागी, योगेश कौशिक, कृष्ण जिंदल, डा. दीपचंद गर्ग, इंदु त्यागी, चारु चंदना, निशि पाहुजा, नरेंद्र पतंजलि, राजेश चौहान व तरुण प्रताप त्यागी मौजूद रहे।

### ट्रेन में यात्री का फोन लेकर भागा चोर

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर फरखा एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रहे यात्री को मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर यात्री का मोबाइली फोन लेकर भाग गया। पीड़ित ने मामले को लेकर दिल्ली रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। वारदात स्थल सोनीपत स्टेशन होने के चलते शिकायत सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस को भेजी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वैशाली बिहार निवासी लालन किशन ने बताया कि वह फरक्का एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रहा था। गाड़ी सोनीपत स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान एक चोर उसका मोबाइल फोन सीट से लेकर भाग निकला। उसने उसका पीछा किया, लेकिन उसकी गाड़ी चल पड़ी। दिल्ली स्टेशन पर गाड़ी के पहुंचने के बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने शून्य एफआईआर दर्ज कर मामले को राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत भेजा। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# योग दिवस को सफल बनाने के लिए शिक्षकों-छात्रों को कराया योगाभ्यास



**गन्नौर।** योग शिक्षक यशपाल कादियान विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को योगा का अभ्यास करवाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। पतंजलि के योग शिक्षक यशपाल कादियान ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को योगा का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योग का सहारा लेकर हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं तथा जीवन को सही तरीके से जी सकते हैं। यशपाल लगभग 30 योग क्रियाएं विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को सिखाई तथा उनके साथ-साथ अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्राचार्य राजेंद्र कौशिक समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में कराते रहते हैं वे इसके लिए बधाई के पात्र है। उनका प्रयास रहता है बच्चों का बहुमुखी विकास हो सके । उन्होंने कहा कि यह केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि लगातार पूरे वर्ष अभ्यास का विषय है यदि हम लगातार अभ्यास करते हैं तभी हम इन योग क्रियाओं को पूर्ण रूप से सीख पाएंगे तथा इनका लाभ उठा पाएंगे। और अपने जीवन को स्वस्थ बना पाएंगे। इस मौके पर अध्यापक जसवंत धनखड, संजीत कौशिक, पवन, प्रिया शर्मा, कुसुम सैनी, मंजू धनखड़, मनीषा खान,रजनी अरोड़ा, पूनम मलिक,सीमा मलिक,भारती राठी, सोनू रमन, मंजू धनखड़, निशा माललाल, गीतांजलि व तनु आदि शिक्षक शामिल रहे।

**मौसम** 25-26 तक मानसून आने की संभावना

# गर्मी-उमस ने निकाला पसीना आज भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गर्मी और उमस से राहत के इंतजार में बैठे हरियाणा व दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए खुशखबरी है। मौसम विभाग के अनुसार, यानी 25-26 जून तक मानसून हरियाणा व एनसीआर क्षेत्र में पूरी तरह प्रवेश कर जाएगा। इससे पहले भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की शुरुआत हो चुकी है और 22 जून को सोनीपत सहित कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

वहीं शुक्रवार को जिले में मौसम मिला-जुला रहा। सुबह से तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिनभर गर्मी के साथ वातावरण में नमी के कारण उमस भी बनी रही। हालांकि शाम को हवाओं की गति थोड़ी तेज हुई, जिससे मामूली राहत जरूर मिली।

**30-40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी तेज हवाएं:** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 22 जून को सोनीपत में भारी बारिश, आंधी व बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान निम्न क्षेत्रों में जलभराव, ट्रैफिक जाम, बिजली आपूर्ति बाधित होने और कमजोर ढांचों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई गई है।

### 24 से बढ़ेगी सक्रियता

मौसम विभाग के अनुसार 24 जून के बाद से मानसून की सक्रियता और बढ़ेगी, जिससे 25-26 जून को दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे हरियाणा में तेज बारिश होने की संभावना है। किसानों और आम लोगों को पहले से सावधान रहने की सलाह दी गई है। जल्द ही होने वाली मानसूनी बारिश जहां गर्मी से राहत देगी, वहीं यह कृषि और जल स्त्रोतों के लिए भी संजीवनी साबित होगी। प्रशासन को भी सतर्क रहने और आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कल तेज बारिश की संभावना

परिचमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसकी वजह से तेज बारिश की संभावना है। शनिवार को धूलभरी तेज हवाएं चलने की और रविवार को तेज बारिश की संभावना है। 24 या 25 जून से मानसून हरियाणा एनसीआर में प्रवेश कर जाएगा।

**-डॉ. प्रेमदीप**, मौसम वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर

### आईटीआई में दाखिला लेने का एक और मौका, 27 तक लिए जाएंगे आवेदन





**गन्नौर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए विभाग द्वारा दाखिला लेने के लिए युवाओं को एक और मौका मिल गया है। आवेदन की तिथि बढ़ाकर हुई 27 जून कर दी गई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए हुए बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले हेतु विभाग द्वारा नोटिस जारी कर ऑनलाइन आवेदन 20 जून से बढ़कर 27 जून कर दी गई। दाखिला से संबंधित दिशा निर्देशों के लिए विवरण पत्रिका संस्थाओं की सूची एवं दाखिले के लिए उपलब्ध संस्थानावार सीटों बारे सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे दाखिला वेबसाइट पर नियमित अवलोकन करते रहे। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता आरक्षण एवं स्थाई निवासी इत्यादि मूल प्रमाण पत्रों की द्वितीय प्रति दाखिला फार्म के साथ ही आवश्यकता अनुसार अपलोड करनी होगी। प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान राजलू गढी में फीटर, वेल्डर इलेक्ट्रीशियन, कोपा, स्टैनो, प्लंबर पेंटर रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर ट्रेड में दाखिला के लिए आवेदन करे।



### सीनियर डिप्टी मेयर ने जनसमस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में सीनियर डिप्टी मेयर** राजीव सरोहा ने शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद नवीन तंवर, राजेश दहिया, पंडित श्रीनिवास, पवन गुप्ता, योगेश गुप्ता, नरेंद्र गोयल, कमांडर सुरेंद्र, संतोषी शोरी व कालूपुर के नंबरदार सहित कई लोग मौजूद रहे। जनसुनवाई में प्रमुख रूप से प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े कार्यों में देरी का मुद्दा उठाया गया। लोगों ने बताया कि पहले जो काम तत्कालीन आपत्ति लगाकर दो दिन में हो जाता था, वह अब ऑफलाइन अप्रूवल प्रक्रिया के चलते 15-20 दिन तक लटक रहा है। जबकि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तत्कालीन आपत्तियों को दो दिन में निपटाना अनिवार्य है। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने भरोसा दिलाया कि वे आगामी सप्ताह में निगम आयुक्त से चर्चा कर इस समस्या का समाधान कराएंगे। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि राजेश दहिया ने वार्ड-20 स्थित छोटूराम धर्मशाला के रूके हुए 40 लाख रूपये के कार्य का मुद्दा उठाया, वहीं पार्षद नवीन तंवर ने सुरी पेट्रोल पंप के 84 लाख रूपये के कार्य की डीएनआईटी को तीन महीने से अप्रूव न किए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही सीवर ब्लॉकेज, नाले की सफाई व गली मरम्मत जैसी समस्याएं भी लोगों ने रखी, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।